मूल्य : एक रुपया

www.kay2steel.com

# स्टील टाइम्स

November, 2017

KAY2 STEEL LIMITED की गृह पत्रिका, वर्ष–1, अंक–06

E mail: info@kay2steel.com

follow us on

## नए भविष्य की संरचना गढ़ता, KAY2 स्टील लिमिटेड




भारत बदलाव की एक नयी परिभाषा गठित कर रहा है और विश्व पटल पर तेजी से अपनी भिन्न भिन्न विशेषताओं के लिए खूब प्रशंसा बटोर रहा है। विकास की बागडोर सरकार की पॉलिसीस और प्रोग्राम के साथ साथ कॉर्पोरेट इकाइयों पर भी निर्भर करती है जो समाज के सभी तबकों को सीधे या परोक्ष तरीके से विकास में भागीदार बना रही हैं। हमने भी निरंतर अथक परिश्रम करते हुए KAY2 स्टील लिमिटेड को बड़े ही कम समय में बहुत ऊंचे मकाम पर विराजमान किया है।

KAY2 टीएमटी को एक्सपीरियंस, इनोवेशन, क्वालिटी के लिए जाना जाता है। हमने बेहतरीन रिसर्च और इनोवेशन के जरिये श्रेष्ठतम उत्पाद श्रृंखला अपने कस्टमर्स को ऑफर की है और भविष्य में भी यूँ ही उनके जरूरत के हिसाब से उत्पाद बनाते रहेंगे। हमारी पालिसी है कि मार्किट में आ रही डिमांड को समझते हुए भविष्य को सुरक्षित करें वाले कंस्ट्रक्शन उत्पाद बनायें जो हर तबके के लिए हों। यही वजह है कि थोड़े ही समय में बेजोड़ प्रदर्शन करते हुए कंपनी ने अपनी एक मजबूत और अलग जगह बनाई है। KAY2 टीएमटी अपनी खासियतों जैसे लो सल्फर, फॉस्फोरस मात्रा, कंक्रीट के साथ मजबूत ग्रिप प्रदान करने के लिए जानी जाती है जो बिल्डिंग को भूकंप से पूरी सुरक्षा देती है। इसके साथ ही अद्वितीय केमिकल और फिजिकल प्रॉपर्टीज इसे सबसे कस्टमर्स की सबसे पसंदीदा चॉइस बनाते हैं। हम अपनी साइंटिफिक एप्रोच को नए जमाने की जरूरतों के साथ साथ ढालते हुए इनोवेटिव उत्पाद बनाने का ये सिलसिला इसी तरह कायम रखेंगे और मुझे आशा है की जल्द ही हम टीएमटी सरिया बनाने वाली देश की प्रमुख पांच कंपनियों में शुमार होंगे। आज मैं अपने सभी डीलर, डिस्ट्रीब्यूटर और अन्य साथियों को यह बताना चाहता हूँ की आपके निरंतर प्रयास और मेहनत के चलते कोई भी महत्वाकांक्षा सफलता में बदले बिना नहीं रह सकती थी और आप सभी ऐसे ही नयी सोच और नए जोश के साथ आगे बढ़ते रहें। इस विशेष मौके पर मैं आपको दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें देता हूँ।

आपका जीवन उल्लास और समृद्धि से भरा रहे।

सधन्यवाद

**सुनील अग्रवाल**

# KAY2 Cap: लक्ष्य निर्धारण और जागरूकता का समामेल

देश में इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में बढती उन्नति और पंच वर्षीय योजना में स्मार्ट सिटी कांसेप्ट के चलते भारी संभावनाएं इस ओर संकेत करती हैं कि कंस्ट्रक्शन सेक्टर एक लाभदायक सेक्टर बन चुका है और यदि सही विवेक और बिजनस नीतियों से काम किया जाए तो कंपनी के साथ साथ व्यक्ति विशेष की भी अभूतपूर्व ग्रोथ स्वाभाविक है। किसी भी कॉर्पोरेट को सफल बनाने के पीछे जितना हाथ उसकी उत्तम उत्पाद गुणवत्ता का होता है उतना ही उसे एंड यूजर तक पहुचने वाले डीलर और चौनल पार्टनर कास इस सिलसिले में KAY2 स्टील लिमिटेड के कंज्यूमर अवेयरनेस प्रोग्राम (CAP) यानि उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम खासे प्रचलित हैं।

हाल ही में 19 अगस्त 2017 को पंजाब के फगवाडा में मेसर्स गुप्ता एग्री इंडस्ट्रीज कारपोरेशन में एक CAP का आयोजन हुआ जिसमें लगभग 50 राजमिस्त्री शामिल हुए। कंपनी की ओर से श्री अमित भनोट के साथ साथ डिस्ट्रीब्यूटर अश्वनी गुलाटी और क्वालिटी इंचार्ज श्री रविंदर सिंह भी मौजूद थे।

राजस्थान के दौसा जिले के महुवा में मेसर्स निरंकारी आयरन वर्क्स और मेसर्स श्री जी इंटरप्राइजेज के डीलर और डिस्ट्रीब्यूटर श्री अजय जी व डिस्ट्रीब्यूटर श्री अरुण अग्रवाल (क्रमश:) की अगुवाई में CAPका आयोजन हुआ जिसमें 90 राजमिस्त्री शामिल हुए। कंपनी की ओर से श्री नीरज शर्मा इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। वहीं बिहार के गया एवं नवादा में लगभग 80 डीलरों ने उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया। 6 अगस्त 2017 को रेवाड़ी के कोसली में भी एक मेसन मीट का आयोजन किया जहाँ राजमिस्त्रियों को नए उत्पाद और कंस्ट्रक्शन जगत में हो रहे आधुनिकीकरण और बदलाव की जानकारी मिली। मीटिंग में शामिल अहम् लोगों में कंपनी की तरफ से श्री सुशील पाण्डेय, मेसर्स आरके ट्रेडर्स के श्री जगदीश जी, श्री राजेंद्र जी, डाहिना से श्री विक्रम जी, कनीना से श्री मुकेश जी व डिस्ट्रीब्यूटर श्री प्रदीप गोयल मौजूद रहे। वहीं अम्बाला के साहा में आयोजित हुई मेसन मीट और CAP मीट में भी कंपनी की ओर से श्री सुशील पाण्डेय, डीलर श्री सचिन जी और डिस्ट्रीब्यूटर श्री अनुज गर्ग जी उपस्थित थे। इसमें लगभग 94 राजमिस्त्रियों और जमीनी कंस्ट्रक्शन से जुड़े बाकी लोग भी शामिल हुए।

छत्तीसगढ़ के जामगांव में मेसर्स किशोर हार्डवेयर खड़्मा व मेसर्स बेक्लाल ट्रेडर्स की अगुवाई में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें 60 राजमिस्त्रियों और कांट्रेक्टर बंधुओं ने भाग लिया। डिस्ट्रीब्यूटर श्री भरत बजाज, कंपनी अधिकारी श्री प्रशांत जी, श्री ज्ञान जी और श्री सोमनाथ भट्टाचार्य जिन्हें याहू मेल की तरफ से भेजा गया था, मौजूद थे। प्रोग्राम की सभी ने सराहना की व आगे भी इस तरह के ज्ञानवर्धक कार्यक्रम करते रहने की मंशा जाहिर की। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के कोरिया में मेसर्स गोपाल इंटरप्राइजेज और श्री प्रशांत केशरवानी की सहायता से एक CAP आयोजित की गयी जिसमें 35 राजमिस्त्री, कांट्रेक्टर आदि शामिल हुए। इसमें कंपनी की ओर से श्री ज्ञान प्रकाश व डीलर श्री विवेक गुप्ता भी मौजूद थे। वहां अच्छी गुणवत्ता वाली टीएमटी इस्तेमाल करने के लाभ और कंस्ट्रक्शन क्षेत्र में आई नयी तकनीक के बारे में चर्चा हुई।


फगवाड़ा (पंजाब)


महुआ, दौसा (राजस्थान)


गया (बिहार)


नीम का थाना, सीकर (राजस्थान)


नवादा (बिहार)


कोसली, रेवाड़ी (हरियाणा)


साहा, अम्बाला


जामगांव (छत्तीसगढ़)


कोरिया (छत्तीसगढ़)



वाराणसी (उत्तर प्रदेश)

इसी क्रम में उत्तरप्रदेश के वाराणसी में 16 सितम्बर 2017 को मेसन मीट व उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए जो मेसर्स अम्बा इंटरप्राइजेज, खोजवा में सम्पन्न हुई। डिस्ट्रीब्यूटर श्री राघवेन्द्र सरदा, डीलर श्री अनिल अग्रहरी के अलावा कंपनी की तरफ से श्री अमित कुमार श्रीवास्तव ओर क्वालिटी ऑफिसर श्री प्रशांत ने भी इसमें भाग लिया। इस कार्यक्रम में लगभग 35 लोग शामिल हुए और KAY2 स्टील टीएमटी सरिया की विशेषताओं के बारे में परिचर्चा हुई। इस मीट से डिस्ट्रीब्यूटर खासे उत्साहित थे और हर छः महीने में इस तरीके की मीटिंग्स करते रहने की कवायद भी की। इस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए मध्यप्रदेश में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम के तहत एक मेसन मीट का आयोजन हुआ जिसमें 45 राजमिस्त्री व कांट्रेक्टर उपस्थित हुए। मेसर्स साई सीमेंट एजेंसी, नवगांव में संपन्न हुई इस मेसन मीट में कंपनी की तरफ से श्री बिनय सिंह के साथ साथ श्री आदित्य अग्रवाल का भी खास योगदान रहा जो मेसर्स आदित्य स्टील के डायरेक्टर हैं। सभी मेसन बन्धु और कॉन्ट्रैक्टर्स KAY2 टीएमटी की खासियतों से बेहद प्रभावित नजर आये एवं भविष्य की पुख्ता नींव को बनाने के लिए मजबूत कंस्ट्रक्शन सामग्री इस्तेमाल करने की सोच को भी बढ़ावा मिला।

## CAP successfully organized at Koppal, Karnataka

As a responsible corporate, KAY2 Steel Limited is consistently fostering inter-organizational meetings so as to strengthen the network chain and spread the market share of the company in the country. Recently, a Consumer Awareness Programme was organized on 22 nd September 2017 at M/s Basaya Hardware, Yallbarga, Koppal. Distributor Mr. Pradeep Agarwal from M/s Ambica Steels and company official Mr. Saurabh Parihar, Quality Officer Mr. Navan Kumar and Marketing Manager Mr. Babulal Yadav were present to aware the industry related people like masons and contractors about the qualities of KAY2 TMT. Around 60 masons attended the event and they were encouraged about the information given on the new and advantageous steel products to be used in the building construction industry.



विदरभा (महाराष्ट्र)



नवगांव (मध्य प्रदेश)



कोपल (कर्नाटका)

# बिहार में बाढ़ के कहर ने प्रभावित की 1.71 करोड़ से ज्यादा आबादी

## एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट का उदहारण देते हुए KAY2 स्टील लिमिटेड ने बड़े पैमाने पर बाढ़ पीड़ितों तक राहत सामग्री पहुंचाई

पिछले कई दिनों से बिहार में मचे बाढ़ के उत्पात ने 1.71 करोड़ की आबादी को प्रभावित किया है जबकि बाढ़ की चपेट में आने से मरने वालों की संख्या 514 के आंकड़े को पार कर चुकी है। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी ने पुष्टि की कि बाढ़ग्रस्त जिलों के प्रभावित इलाकों से अब बाढ़ का पानी उतर रहा है पर अभी तक भी 19 जिलों के 187 खण्डों की डेढ़ करोड़ से भी ज्यादा आबादी बुरी तरह प्रभावित है। मुख्यमंत्री श्री नितीश कुमार ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को जितनी जल्दी हो सके नकद अनुदान उपलब्ध पहुँचाने का निर्देश दिया।

आपदा प्रबंधन विभाग के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि बाढ़ग्रस्त जिलों में राहत और पुनर्वास कार्य युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है जिसमें एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट की तरह KAY2 स्टील टीएमटी और स्थानीय लोगों ने दरभंगा, सीतामढ़ी और चंपारण जिलों में बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री पहुंचाईस इसके तहत 5000 से अधिक लोगों तक बिस्कुट, मोमबत्तियां, माचिस, मिल्क पाउडर, चूरा, गुर, सत्तू, पेयजल, तोलिया, प्लास्टिक शीट, दवाइयां व तिरपाल आदि की व्यवस्था की। जिलों में लगातार सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ ) की टीम राहत और बचाव कार्य में लगी हुई है।

KAY2 स्टील टीएमटी सरिया के इस कार्य को चहुँओर सराहना मिली और बाकी लोगों ने भी अपने अपने स्तर से जो कुछ भी सहायता हो सकती थी, बाढ़ पीड़ितों को पहुंचाई।





# KAY2 स्टील लिमिटेड ने जयपुर में आयोजित की भव्य चैनल पार्टनर मीट




भारत जैसे तेजी से उभर रहे विकासशील देश के लिए इंफ्रास्ट्रक्चरल डेवलपमेंट सबसे प्रमुख स्तम्भ माना जाता है। यह जानना भी अत्यधिक जरूरी है कि हर सेक्टर के हर विस्तार में टेक्नोलॉजी का कितना और क्या रोल है। यही वजह है कि इसमें इंफ्रास्ट्रक्चर और कंस्ट्रक्शन कंपनियों की सहभागिता और बढ़ जाती है। जाहिर है कि जनसँख्या के हिसाब से संसाधनों का प्रयोग और तकनीकी कौशल का उपयोग बहुत ही सूझ बूझ से करना होगा। इस सोच को साझा करते हुए भारत में नामचीन टीएमटी सरिया बनाने वाली कंपनियों में शामिल KAY2 स्टील लिमिटेड देश का रूप बदलने के लिए प्रयासरत है।

KAY2 टीएमटी अपने इंटर--आर्गेनाइजेशनल मीटिंग और कांफ्रेंस के लिए जाना जाता है जिससे कंपनी से जुड़े सभी लोगों के काम करने की ऊर्जा में इजाफा होता है। इसी क्रम में कंपनी ने अपने चैनल पार्टनर्स के लिए जयपुर में एक भव्य मीट का आयोजन किया। यह मीट 1 अक्टूबर 2017 को होटल क्राउन प्लाजा, जयपुर में संपन्न की गयी जिसमें राजस्थान और दिल्ली से लगभग 350 डीलर्स एवं डिस्ट्रीब्यूटरर्स शामिल हुए। कंपनी की ओर से डायरेक्टर श्री सुनील अग्रवाल, श्री दिलीप मेहरा (सीनियर जनरल मेनेजर), श्री उदित गर्ग, श्री अमित सोनी, श्री पुनीत सिंह अरोरा, मिस ऋचा प्रियदर्शिनी के साथ साथ राजस्थान के ऑपरेशन हेड श्री राजीव माथुर के साथ साथ श्री अमित शर्मा, श्री मान सिंह, श्री सुरेश भारद्वाज, श्री नीरज शर्मा उपस्थित हुए। साथ ही साथ दिल्ली से एजीएम श्री सुशील भारद्वाज, श्री अमित सिन्हा, श्री राहुल सिंह शामिल हुए। फ्रेंचाइजी पार्टनर के तौर पर मेसर्स लक्षमनवीर स्टील प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर श्री शिव कुमार गोयल भी चैनल पार्टनर मीटिंग में मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस उपलक्ष्य पर श्री सुनील अग्रवाल जी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि, "आज हम जिस मुकाम पर पहुंचे हैं वहां मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि देश की बदलती तस्वीर में हम जितना हो सके योगदान देने और एक बड़े कस्टमर बेस को निरंतर अच्छी उत्पाद रेंज ऑफर करने में सफल रहे हैं। मैं आप सभी को आने वाले वर्ष के लिए शुभकामनाएं देता हूँ और आशा करता हूँ की वह हम सभी के लिए अपार संभावनाओं वाला सिद्ध हो। हमें कमर कसकर अपनी महत्वाकांक्षाओं के साथ आगे बढ़ना है और यूँही KAY2 स्टील लिमिटेड को नयी ऊँचाइयों तक ले जाना है।

